# झारखण्ड विधान सभा

## दैनिक विवरणिका

पंचम् झारखण्ड विधान सभा — पंचम् (बजट) सत्र

संख्या-11 — मंगलवार, दिनांक-16 मार्च, 2021 ई०।

समय-11.00 बजे पूर्वाह्न से 05.13 बजे अप० तक।

(माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया।)

### 1.प्रश्नकाल:-

आज के लिए निर्धारित प्रश्नों का व्यवस्थापन निम्न प्रकार से हुआ-

**(i) अल्पसूचित प्रश्नों की कुल संख्या-22**

**(क) उत्तरित मात्र-01,** क-141-अ० सू०-07, श्री बिरंची नारायण, स०वि०स०।

(सरकारी उत्तर के विरोधस्वरूप भारतीय जनता पार्टी के माननीय सदस्य, श्री बिरंची नारायण सहित अन्य कई माननीय सदस्य सदन की वेल मे आकर नारेबाजी करने लगे, परन्तु आसन के अनुरोध के उपरांत अपने-अपने स्थान पर चले गये। इस क्रम मे माननीय सदस्य, श्री चन्द्रेश्वर प्रसाद सिंह ने अपने पैतृक गाँव स्थित टी.ओ.पी. के दारोगा द्वारा अभी भी बालू ट्रैक्टरो को पकड़े जाने की ओर आसन का ध्यान आकृष्ट किया।)

**(ख) अपृष्ठ मात्र-01,** ख-142-अ० सू०-55, श्री राज सिन्हा, स०वि०स०।

**(ग) अनागत कुल-20,** ग-145- अ० सू०-29 से अ० सू०-213 तक।

(भारी शोरगुल)

सदन मे भारी शोरगुल एवं अव्यवस्था के माहौल को देखते हुए सभा की **कार्यवाही 11.30 बजे पूर्वा० से लेकर 12.00 बजे मध्या० तक के लिए स्थगित कर दी गयी जिसके कारण अन्य प्रश्न नहीं लिये जा सके।**

(स्थगनोपरांत)

माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया।

(इस अवसर पर पुन: भारतीय जनता पार्टी के माननीय सदस्य अपनी पूर्व की माँग को लेकर सदन की वेल मे आकर नारेबाजी करने लगे, परन्तु आसन के अनुरोध पर वे पुन: अपने-अपने स्थान पर चले गये।)

### 2.शून्यकाल की सूचनायें:-

आसन से पुकारे जाने पर निम्नांकित माननीय सदस्यों ने शून्यकाल की सूचनाये पढ़ी-

श्री उमाशंकर अकेला,

श्री इन्द्रजीत महतो,

श्री रामचन्द्र सिंह,

श्री भूषण बाड़ा,

श्रीमती पुष्पा देवी,
श्री दीपक बिरुवा,
श्री अमित कुमार यादव,
डॉ० इरफान अंसारी,
श्री कोचे मुण्डा,
श्री लम्बोदर महतो,
श्रीमती ममता देवी,
श्री विनोद कुमार सिंह,
श्री बंधु तिर्की,
श्री राजेश कच्छप,
श्री लोबिन हेम्ब्रम,
श्री मथुरा प्रसाद महतो।

## 3.विविध चर्चायें:-

i- माननीय सदस्य, श्री प्रदीप यादव ने देवघर के मोहनपुर मे हड़पी जा रही गरीबों की जमीनों को मुक्त कराये जाने हेतु आसन का ध्यान आकृष्ट किया,

ii- आसन की अनुमति से माननीय सदस्य, श्री बाबूलाल मराण्डी ने राज्य में बालू घाटो की नीलामी नहीं होने के कारण पुलिस-प्रशासन द्वारा किये जा रहे दुर्व्यवहार का उल्लेख किया और तबतक निजी निर्माण के लिए बालू को **Free** किये जाने हेतु अनुरोध किया,

iii- माननीय सदस्य, डॉ० सरफराज अहमद ने दिनांक-03.03.2021 को गिरिडीह जिला के बेंगाबाद प्रखण्ड स्थित ग्राम-मुण्डहेरी चपुआडीह मे पुलिस द्वारा घर मे घुसकर बर्बरतापूर्ण व्यवहार करनेवाले पुलिसकर्मियों के विरूद्ध कार्रवाई किये जाने की माँग की।

## 4.कार्यस्थगन प्रस्ताव की सूचना:-

माननीय सदस्य, श्री अमित कुमार मण्डल ने राज्य मे बड़ी-बड़ी कम्पनियों द्वारा स्थानीय को 75% नौकरियों से वंचित रखने तथा माननीय सदस्य, श्री अनन्त कुमार ओझा द्वारा साहेबगंज सदर सहित अन्यत्र अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं पिछड़े वर्ग के व्यक्तियों को जाति प्रमाण पत्र मिलने मे हो रही परेशानियों से सम्बन्धित दिये गये कार्यस्थगन प्रस्ताव की सूचनाओं को नियमानुकूल नहीं होने के कारण अमान्य कर दिया गया।

## 5.ध्यानाकर्षण प्रस्ताव की सूचनायें एवं उसपर सरकार का वक्तव्य:-

माननीय सदस्य, श्री दशरथ गागराई एवं अन्य से प्राप्त ध्यानाकर्षण प्रस्ताव की सूचना पढ़ी गयी जिसपर सरकारी वक्तव्य हुआ।

(भारी शोरगुल एवं व्यवधान)

## 6.वित्तीय कार्य:-

आसन द्वारा पुकारे जाने पर माननीय प्रभारी मंत्री, श्री बन्ना गुप्ता द्वारा वित्तीय वर्ष-2021-22 के आय-व्ययक मे सम्मिलित अनुदानों की माँगो खण्ड-(05) स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग (उच्च शिक्षा प्रभाग), उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग (विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी प्रभाग), सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई-गवर्नेंस विभाग, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग (सेकेण्डरी शिक्षा प्रभाग), स्कूली शिक्षा एवं

साक्षरता विभाग (प्राथमिक एवं वयस्क शिक्षा प्रभाग) तथा वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्त्तन विभाग की माँगें सभा में प्रस्तुत की गयी जिसपर माननीय सदस्य, श्री अनन्त कुमार ओझा द्वारा कटौती का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया।

(अन्तराल)

माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया।

## 7.वित्तीय कार्य(क्रमांक-6 से जारी):-

अन्तराल के पूर्व प्रस्तुत माँग पर आसन के निदेश से माननीय सदस्य, श्री अनन्त कुमार ओझा ने चर्चा प्रारंभ की। इसके बाद निम्नांकित माननीय सदस्यों ने भी भाग लिया-

श्री विकास कुमार मुण्डा,
श्रीमती नीरा यादव,
श्री रामचन्द्र सिंह,

**(इस क्रम में आसन द्वारा सदन को संसूचित किया गया कि लम्बित ध्यानाकर्षण सूचनाओं के निष्पादन हेतु बुधवार, दिनांक-17.03.2021 को सदन की कार्यवाही 10.00 बजे पूर्वा० से प्रारम्भ होगी।)**

श्री प्रदीप यादव,
श्री लम्बोदर महतो,

(इस अवसर पर सभा की सहमति से कार्यवाही पर्यन्त सदन का समय विस्तारित किया गया।)

श्री विनोद कुमार सिंह,
श्री समीर कुमार मोहन्ती,
श्री समरीलाल,
डॉ० इरफान अंसारी।

इसके बाद सरकार की ओर से माननीय प्रभारी मंत्री, श्री बन्ना गुप्ता द्वारा उत्तर दिया गया और वित्तीय वर्ष-2021-22 के आय-व्ययक में सम्मिलित अनुदानों की माँग खण्ड-(05) स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग सभा द्वारा स्वीकृत हुआ तथा माननीय सदस्य, श्री अनन्त कुमार ओझा द्वारा प्रस्तुत कटौती का प्रस्ताव ध्वनिमत से अस्वीकृत हुआ।

**(सरकारी उत्तर के क्रम में भारतीय जनता पार्टी के माननीय सदस्यों ने विरोधस्वरूप सदन से बहिर्गमन किया।)**

तत्पश्चात् सभा की कार्यवाही बुधवार, दिनांक-17.03.2020 के 10.00 बजे पूर्वा० तक के लिए स्थगित की गयी।

महेन्द्र प्रसाद,
सचिव,
झारखण्ड विधान सभा।

राँची,
दिनांक- 16 मार्च, 2021ई०।